




# विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण भी कर रहे : सीएम

### संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य सुरेश सोनी एवं मध्य प्रांत संघ चालक पाण्डे की उपस्थिति में समारोह

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर प्राचीन काल से ही वीरता, विद्वता और कला का शिखर रही है। ग्वालियर के लिये आज गौरवान्वित करने वाला दिन है।

**मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ ऋषि गालव विश्वविद्यालय का भूमिपूजन**

ऋषि गालव विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ग्वालियर नया इतिहास गढ़ने जा रहा है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय शिक्षा का केन्द्र होने के साथ ही राष्ट्र निर्माण के स्थल भी होते हैं। ऋषि गालव के नाम पर बनने वाला यह विश्वविद्यालय भी हमारी आने वाली पीढ़ियों को संस्कार, संस्कृति और कौशल से सुसज्जित कर राष्ट्र निर्माण का अग्रदूत बनाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर के बेलागांव में ऋषि गालव विश्वविद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य सुरेश सोनी, उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार, जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक अशोक पाण्डे मंचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यभारत शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र बांदिल ने की।

आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य अतिथिगणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ऋषि गालव विश्वविद्यालय के निर्माण के लिये भारतीय सनातन परंपरा के अनुसार भूमिपूजन किया। विदित हो इस विश्वविद्यालय का निर्माण मध्यभारत शिक्षा समिति द्वारा ग्वालियर जिले के बेला गांव के अंतर्गत लगभग 55 बीघा भूमि पर 110 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। अगले वर्ष गुरुपूर्णिमा 18 जुलाई 2027 से यहां शैक्षणिक सत्र शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। सम्पूर्ण विश्वविद्यालय तीन वर्ष में बनकर तैयार होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्य भारत शिक्षा समिति के संस्थापक सदाशिव गणेश गोखले का स्मरण करते हुए कहा कि उनका त्याग पूजनीय है। गोखले ने 85 वर्ष पहले 21 जुलाई 1941 को इस समिति की नींव रखकर पराधीनता के कठिन काल में शिक्षा की

**हर साल भारतीय वेशभूषा में हो रहे दीक्षांत समारोह-** उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, इसे आधार मानकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए हैं। इस क्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति को कुलगुरू का सम्मानजनक और श्रद्धापूर्ण संबोधन प्रदान किया गया है। संपूर्ण प्रदेश में गुरू पूर्णिमा का आयोजन भी इसी क्रम का नवाचार है। काले कोट के स्थान पर साफे के साथ भारतीय वेशभूषा में दीक्षांत समारोह की परम्परा भी प्रदेश में आरंभ की गई। पहले कई-कई वर्षों तक दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं होते थे, अब हर साल हर विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह किए जा रहे हैं।

**रोजगारपरक शिक्षा पर रहेगा विश्वविद्यालय का फोकस - डॉ. बांदिल-** मध्य भारत शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र बांदिल ने कहा कि अगले साल गुरुपूर्णिमा 18 जुलाई 2027 से विश्वविद्यालय की कक्षायें शुरू हो जायेंगीं और यह विश्वविद्यालय तीन वर्षों में बनकर तैयार हो जायेगा। डॉ. बांदिल ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय में वर्तमान में चल रहे रोजगार संबंधी पाठ्यक्रम तो होंगे ही, साथ में भारतीय ज्ञान पंरपरा, भारतीय जीवन दर्शन, धर्म एवं धरोहर संबंधी पाठ्यक्रम भी समयानुकूल बनाकर चलाए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में मध्यभारत शिक्षा समिति के सचिव राजेन्द्र वैद्य ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना शर्मा ने किया।

**मनुष्य के साथ परिवेश का विकास ही असली विकास : सुरेश सोनी**

मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य सुरेश सोनी ने कहा कि सड़क, भवन व अन्य अधोसंरचनाओं का निर्माण एवं आविष्कार केवल परिवेश का विकास है। वास्तविक विकास वह होता है जिसमें मनुष्य के साथ परिवेश का भी विकास हो। मनुष्य अधिक संवेदनशील, विचारवान व व्यापक दृष्टिकोंण वाले हों। इसी पुनीत उद्देश्य को लेकर मध्यभारत शिक्षा समिति द्वारा ऋषि गालव विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा रोजगारपरक शिक्षा के साथ-साथ मनुष्य के चरित्र निर्माण पर भी जोर दिया जायेगा। साथ ही भरोसा जताया कि यहाँ पढ़कर निकले विद्यार्थी नालंदा व तक्षशिला विश्वविद्यालय की तरह विश्वभर में भारतीय ज्ञान का परचम लहरायेंगे। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति भी इसी भावना के साथ बनाई गई है कि ज्ञान, चरित्र व संस्कार के साथ युवा अपने पैरों पर खड़े हों। साथ ही दूसरों को भी रोजगार व नौकरी देने वाले बनें।

**केवल सैन्य शक्ति की बदौलत देश महान नहीं बनते - अशोक पाण्डे**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मध्यभारत प्रांत के संघचालक अशोक पाण्डे ने कहा कि कोई भी देश केवल सैन्य शक्ति की बदौलत महान नहीं बन सकता। महान बनने के लिए शिक्षा व संस्कारों की जरूरत होती है। ऋषि गालव विश्वविद्यालय की स्थापना इसी भाव के साथ की जा रही है।

**शिक्षा का उद्देश्य जीवन मूल्यों की स्थापनाः परमार**

उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि श्रेष्ठतम जीवन मूल्यों को स्थापित करना शिक्षा का मुख्य उद्देश्य होता है। भारतीय परंपरा में शिक्षा का दायित्व समाज पर होता था। प्राचीनकाल के विश्वविद्यालय श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करते थे। यही वजह है कि विश्वभर से लोग भारतीय संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं।

## 'ममता को निर्ममता की कीमत चुकानी पड़ी' : सीएम डॉ. यादव

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 मई.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पश्चिम बंगाल के चुनावों में बीजेपी को मिली बड़ी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि लोग परिवर्तन और मुक्ति चाहते थे. वहीं सीएम ने ममता बनर्जी पर तंज कसा है कि ममता को निर्ममता की कीमत चुकानी पड़ी है। साथ ही बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु की जनता को धन्यवाद दिया है.

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि चुनाव की बेला में वाकई दिल से सभी को बधाई दे रहे हैं. गृहमंत्री के शब्दों में अंग-बंग-कलिंग सब तरफ भाजपा का झंडा लहराया। असम में एक बार फिर घुसपैठियों के खिलाफ राष्ट्रवादी शक्तियों ने विजय की तरफ कदम बढ़ाएं हैं. बंगाल आजादी के पहले बहुत संबल और विकसित राज्य हुआ करता था लेकिन दुर्भाग्य से पहले कांग्रेस, कम्युनिस्ट और फिर टीएमसी, बंगाल जो आज पिछड़ा है इसका सबसे बड़ा कारण बंगाल के लीडरशिप का रहा है. टीएमसी ने एक प्रकार से दुरावस्था किया है. यह इसका प्रतिकार है.

**ममता बनर्जी पर कसा तंजा**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सुशासन की बयार चल रही है. इस विजय अभियान में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, अध्यक्ष के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनाव में अहम भमिका अदा की. ऐसे में हम जहां गए वहां भी जीत मिली और जहां नहीं गए वहां भी जीत मिली. उन्होंने ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए कहा कि जब ममता निर्ममता करेंगी तो उसकी कीमत चुकानी ही पड़ेगी.

**'बंगाल की जनता को दी बधाई'**

उन्होंने कहा कि जो सर्वे आए थे, वो सर्वे सार्थक होते दिखाई दे रहे हैं. आज प्रचंड बहुमत से भाजपा का झंडा लगहरा रहा है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ये 22वां राज्य हमारे एनडीए के साथ खड़ा होते दिखाई देगा. और 17वां राज्य जहां भाजपा के मुख्यमंत्री होंगे. सीएम मोहन यादव ने कहा, 'मैं अपनी ओर से बंगाल की जनता को बधाई देता हूं. दो कारण से- एक तो भाजपा के प्रति प्रेम दिखाने के लिए और निवार्चन की पूरी प्रक्रिया में बंगाल ने धैर्य के साथ तमाम हथकंडे को फेल करने के लिए। हिंसा, आंतक अव्यवस्था, तमाम प्रकार की कठिनाइयों के बावजूद जनता अपने निर्णय के प्रति दृढ और अडिग रही और धैर्य के साथ मतदान किया, जिससे भाजपा प्रचंड बहुमत से जीती. बंगाल के मतदताओं के साथ-साथ असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी, जहां जीते हैं और जहां कोई कारण से रह गए हैं, सभी को धन्यवाद

## भाड़े के विवाद में जानलेवा हमला

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 मई.** डबरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक पेट्रोल पंप पर ट्रक का भाड़ा चुकाने और माल उतारने को लेकर हुए विवाद में दो भाइयों के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी मुकेश शर्मा (निवासी ग्राम गुरीखा, भिंड) ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी गिर्राज शर्मा के साथ डबरा स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर खड़े थे। तभी ट्रांसपोर्टर राजू राणा वहां आया और गिर्राज से ट्रक खाली न करने और माल वापस लाने को लेकर विवाद करने लगा। जब विवाद बढ़ा, तो राजू राणा ने ट्रक ले जाने से मना कर दिया और गाली-गलौज शुरू कर दी।विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी राजू राणा ने पास पड़ा लोहे का पाइप उठाकर मुकेश शर्मा के सिर पर दे मारा, जिससे खून निकलने लगा। बीच-बचाव करने आए मुकेश के छोटे भाई राघवेन्द्र पर भी आरोपियों ने जानलेवा हमला किया। अन्य साथी भोला जाट और अर्जुन पवैया ने दोनों भाइयों के साथ लात-घूसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। हमले में घायल राघवेन्द्र की स्थिति को देखते हुए उसे ग्वालियर के मुरार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## माँ और मैं डांस प्रतियोगिता का आयोजन 9 को

**ग्वालियर।** सिंधु सोशल सोसाइटी, महिला विंग द्वारा माताओं और बच्चों के बीच स्नेह और बंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माँ और मैं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता सिर्फ सिंधी समाज के लिए है। प्रतियोगिता 9 मई शनिवार को शाम 5 बजे सिंधी धर्मशाला, खसगी बाजार, ग्वालियर में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में माँ के साथ बेटा या बेटी दोनों भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को सिर्फ सिंधी गाने पर डांस करना होगा और वेशभूषा गाने के अनुसार होनी चाहिए। प्रत्येक प्रस्तुति की समय सीमा 2 मिनट निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता को 2 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए: 4 से 7 साल और ग्रुप बी: 8 से 12 साल।

# सिंधिया परिवार के साथ अटल को किया याद, तोमर की भी सराहना

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 मई.** ग्वालियर मेला परिसर में आज आयोजित राज्य स्तरीय पशुपालन सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन की शुरुआत राष्ट्रभक्ति और क्षेत्रीय गौरव के साथ की। उन्होंने मंच से राजमाता विजयाराजे सिंधिया, माधवराव सिंधिया और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम के नारे लगवाए। 'जिंदाबाद' के इन नारों से पूरा पंडाल गूँज उठा। क्षेत्र के विकास में केंद्रीय नेतृत्व की भूमिका को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा क्षेत्र के विकास और आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के कृषि एवं क्षेत्रीय विकास में दिए गए योगदान का भी उल्लेख किया.

**प्रमुख झलकियां-** भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने राजनीतिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। उन्होंने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा अब भाजपा के 13 मुख्यमंत्री हो जाएंगे।

-टेंट की सजावटी झालरों ने रोकी पंखों की हवा, गर्मी और उमस के कारण पसीने से तर-बतर हुए लोग, कोई कागज से कर रहा था हवा, तो कोई पोंछ रहा था पसीना।

**फूलों की वर्षा से स्वागत-** जैसे ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम के मुख्य मंच पर पहुँचे, उन्होंने वहां उपस्थित जनता और पशुपालकों का अभिवादन किया। इस दौरान उन्होंने मंच से पुष्प वर्षा (फूलों की बारिश) कर सम्मेलन में आए लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे पूरा माहौल उत्साहपूर्ण हो गया।

- कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार हुई। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले विधिवत गाय का पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

सम्मेलन में प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव, म.प्र. वन विकास निगम लिमी. के अध्यक्ष रामनिवास रावत, म.प्र. कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष बघेल, लाल सिंह आर्य, मोहन सिंह सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्वालियर जिले एवं संभाग से आए पशुपालक, दुग्ध उत्पादक, किसान बंधु एवं हितग्राही उपस्थित थे।

**25 गायों की गौशाला खोलने वालों को भी सरकार दे रही 10 लाख सब्सिडी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मात्र 25 गायों की गौशाला खोलने वाले पशुपालक को भी हमारी सरकार 10 लाख रूपए प्रति यूनिट सब्सिडी दे रही है। उन्होंने कहा कि दूध के दाम बढ़ते ही जा रहे हैं। सरकार दूध के बढ़ते दाम का सीधा लाभ पशुपालकों तक पहुंचाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। प्रदेश की सड़कों पर निराश्रित एवं आवारा पशुओं को समुचित स्थान अर्थात् गौशालाओं तक पहुंचाया जा रहा है। ऐसी गौशालाओं की स्थापना के लिए भी हम अनुदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीमार पशुओं के मौके पर ही समुचित इलाज के लिए प्रदेश में गौ-एंबुलेंस का संचालन भी किया जा रहा है। एक फोन करने पर गौ-एम्बुलेंस सीधे पशुपालक के घर पहुंच जाती है। यह गौवंश के प्रति हमारे सम्मान, आस्था और संवेदनशीलता का भी परिचायक है।

**जहाँ गौशाला, वहाँ बने नंदी शाला : ऋषभदेव**



ऋषभदेव महाराज ने कार्यक्रम में कहा कि शिव के बिना नंदी अधूरे हैं और नंदी के बिना शिवालय। इसी तरह, कृषि और संस्कृति के आधार स्तंभ 'वृषभ' की उपेक्षा अधर्म है। जिस प्रकार हम मंदिरों और गौशालाओं में गौ माता की सेवा को सौभाग्य मानते हैं, उसी प्रकार हर देवालय में नंदी बाबा (वृषभ) का संरक्षण भी अनिवार्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री का आज बड़ा ही भव्य कार्यक्रम हुआ, अब ग्वालियर की इस पावन धरा से यह संदेश गूंजना चाहिए कि हर मंदिर परिसर में नंदी बाबा के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक स्थान हो। यह न केवल हमारी धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सड़कों पर हो रही नंदी महाराज की दुर्दशा को भी समाप्त करेगा।



## मितेंद्र ने असम में कांग्रेस को दिलाई सबसे बड़ी जीत

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 मई.** असम विधानसभा की 122 अलगापुर विधानसभा सीट से असम युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी जुबैर अनाम मजूमदार ने 10,5448 वोटों से सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इस सीट पर चुनावी मैनेजमेंट की कमान युवा कांग्रेस के असम प्रभारी मितेंद्र दर्शन सिंह यादव देख रहे थे। ग्वालियर के वरिष्ठ नेता मितेंद्र दर्शन सिंह इस समय युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव का पदभार संभाल रहे हैं और चुनाव की घोषणा के बाद से ही असम की अलगापुर सीट पर चुनाव प्रबंधन में जुट गए थे।

## मनरेगा के क्रियान्वयन पर सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट सौंपी

**ग्वालियर 4 मई.** भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (सीएजी) द्वारा मध्य प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के क्रियान्वयन पर तैयार की गई। महत्वपूर्ण ऑडिट रिपोर्ट अब राज्य सरकार के समक्ष आधिकारिक तौर पर प्रस्तुत कर दी गई है। उप महालेखाकार (प्रशासन) एवं मीडिया प्रवक्ता महेश प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 151 के प्रावधानों का पालन करते हुए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की इस रिपोर्ट को राज्यपाल को अग्रेषित किया गया है। रिपोर्ट को 30 अप्रैल को राज्यपाल के प्रमुख सचिव एवं अपर मुख्य सचिव (वित्त), मध्य प्रदेश शासन को सौंपा गया। अब इस प्रतिवेदन को आगामी सत्र में राज्य विधानमण्डल (विधानसभा) के पटल पर रखा जाएगा। इस रिपोर्ट में मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के संचालन और परिणामों की विस्तृत समीक्षा की गई है। इस रिपोर्ट में योजना के क्रियान्वयन में पाई गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों और संभावित खामियों के निष्कर्षों को समाहित किया गया है।










स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95